# Daily Current Affairs

Date : 09 January, 2026

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | जयपुर में 'नो योर आर्मी' प्रदर्शनी का शुभारम्भ |
| 2. | राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन – जयपुर |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. चर्चा में 'भैरव बटालियन'<br>2. विधान छाबरा : CMA फाउंडेशन एग्जाम में देश में प्रथम स्थान पर<br>3. आचार्य प्रसन्न सागर : राज्य सरकार द्वारा राजकीय अतिथि घोषित<br>4. डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय और ICMR-NIIRNCD के मध्य MoU<br>5. डिजिटल हेल्थ और AI के क्रियान्वयन पर क्षेत्रीय राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस |
| 4. | जनगणना – 2027 |
| 5. | खान सुरक्षा महानिदेशालय |
| 6. | 66 अंतरराष्ट्रीय संगठन: संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 7. | ब्रिक्स – BRICS |
| 8. | बायो-बिटुमेन |
| 9. | माधव गाडगिल |
| 10. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. ICGS समुद्र प्रताप |






UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## जयपुर में 'नो योर आर्मी' प्रदर्शनी का शुभारम्भ

### चर्चा में क्यों?

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 08 जनवरी, 2026 को जयपुर में 'नो योर आर्मी (Know Your Army)' प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।




### मुख्य बिन्दु:

- इस प्रदर्शनी का आयोजन 78वें सेना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के अन्तर्गत किया जा रहा है।
- आयोजन : 08 से 12 जनवरी, 2026 तक।
- आयोजन स्थल : भवानी निकेतन शिक्षा समिति, जयपुर।
- 78वें भारतीय थल सेना दिवस का मुख्य आयोजन : महल रोड, जगतपुरा (जयपुर)।
- प्रदर्शनी में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना द्वारा उपयोग किए गए विभिन्न आधुनिक हथियार, आर्टिलरीज और सैन्य संसाधनों का प्रदर्शन किया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **'कृष्णा' और 'जेना':** जयपुर में निर्मित मानव रहित ग्राउंड व्हीकल 'कृष्णा' और 'जेना' को भी प्रदर्शनी में शामिल किया गया है। 'कृष्णा' फ़ायरिंग द्वारा सैनिकों को फायर सपोर्ट देता है, जबकि 'जेना' आग और आपदा की स्थिति में राहत व बचाव कार्य में सहायता प्रदान करता है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- राज्य सरकार द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध के नॉन पेंशनर, पूर्व सैनिकों एवं विधवाओं की पेंशन राशि ₹10,000 से बढ़ाकर ₹15,000 प्रतिमाह की गई हैं। इसके तहत् राजस्थान के 976 पूर्व सैनिक एवं विधवाएँ लाभान्वित हुए।
- राज्य सरकार द्वारा वीरगति प्राप्त सैनिकों के सम्मान में 43 विद्यालयों का नामकरण किया गया है।
- राज्य के विभिन्न विभागों में संविदा पर नियोजित भूत पूर्व सैनिकों के मानदेय में वर्ष 2024 एवं वर्ष 2025 में 10-10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन – जयपुर

## चर्चा में क्यों?

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 08 जनवरी, 2026 को जयपुर में ‘राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन-2026’ का उद्घाटन किया।




SERVICES

## मुख्य बिन्दु:

- **सम्मेलन का विषय** : ‘विकसित भारत में पुलिस व्यवस्था’।
- **आयोजन अवधि और स्थान :** 08-09 जनवरी, 2026, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में।
- उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री ने ‘ई-विजिटर्स पोर्टल’ एवं ‘ई-जीरो FIR’ का शुभारम्भ एवं ‘राजस्थान पुलिस प्राथमिकता-2026’ पुस्तिका का विमोचन किया।
- साथ ही, राज्य सरकार द्वारा सभी पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी) पर विद्यार्थियों को थाने की विजिट कराने संबंधी सिफारिश की गई।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- वर्ष 2023 के मुकाबले अपराधों में 15 प्रतिशत, हत्या के प्रकरणों में 25 प्रतिशत, लूट के प्रकरणों में 50 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं महिला अत्याचार में 10 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विरुद्ध अत्याचार में 28 प्रतिशत की कमी आई है। (स्रोत - DIPR)
- ज्ञातव्य है कि राज्य सरकार द्वारा पुलिस आधुनिकीकरण व संबंधित आधारभूत संरचना के लिए ₹200 करोड़ का फंड गठित किए जाने की घोषणा की गई है।
- ₹350 करोड़ रुपये की लागत से सरकार द्वारा 'सरदार पटेल सेंटर फॉर साइबर कंट्रोल रूम' एवं 'राजस्थान पुलिस तकनीकी प्रशिक्षण अकादमी' की स्थापना की जाएगी।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- **राजस्थान पुलिस महानिदेशक (DGP) :** राजीव कुमार शर्मा।
- **नोट :** भारत सरकार के उपक्रम क्षमता संवर्धन आयोग द्वारा राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर को उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा दिया गया है। यह अकादमी सभी राज्यों के पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा प्राप्त करने वाली प्रथम अकादमी है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **चर्चा में 'भैरव बटालियन'**<br>▪ हाल ही में, भारतीय थल सेना द्वारा अत्याधुनिक सैन्य बटालियन 'भैरव बटालियन' का गठन किया गया है, जिसका प्राथमिक प्रशिक्षण नसीराबाद छावनी (अजमेर) में सम्पन्न हुआ।<br>▪ इसका गठन सुरक्षा और आधुनिक युद्ध की चुनौतियों का सामना करने के लिए एक विशेष फोर्स के रूप में किया गया है। |
| 2. | **विधान छाबरा : CMA फाउंडेशन एग्जाम में देश में प्रथम स्थान पर**<br>▪ दी इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट (CMA) फाउंडेशन एग्जाम में जयपुर निवासी विधान छाबरा ने ऑल इंडिया फर्स्ट रैंक हासिल की। |
| 3. | **आचार्य प्रसन्न सागर : राज्य सरकार द्वारा राजकीय अतिथि घोषित**<br>▪ राजस्थान सरकार द्वारा हाल ही में आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज को प्रदेश का राजकीय अतिथि घोषित किया गया।<br>▪ आचार्य 557 दिन का एकसाथ उपवास और अब तक 12 हजार से अधिक उपवास कर “उपवास शिरोमणि” की उपाधि से अलंकृत हैं। |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय और ICMR-NIIRNCD के मध्य MoU**<br>▪ हाल ही में, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर एवं राष्ट्रीय असंचारी रोग कार्यान्वयन अनुसंधान संस्थान (ICMR-NIIRNCD) जोधपुर के बीच एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।<br>▪ इस MoU के अंतर्गत दोनों संस्थान मेडिकल हेल्थ रिसर्च, सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में संयुक्त रूप से अनुसंधान, प्रशिक्षण, छात्र एवं संकाय आदान-प्रदान तथा संयुक्त परियोजनाओं पर कार्य करेंगे।<br>▪ इस सहयोग से गैर-संचारी रोगों, पोषण एवं आयुष आधारित उपचार पद्धतियों पर अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। |
| 5. | **डिजिटल हेल्थ और AI के क्रियान्वयन पर क्षेत्रीय राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस**<br>▪ IIHMR, जयपुर द्वारा हाल ही में 'राजस्थान डिजिटल हेल्थ रिसर्च एवं AI कार्यान्वयन रणनीति' विषय पर एक दिवसीय क्षेत्रीय राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।<br>▪ **आयोजन स्थल :** जयपुर। |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## जनगणना – 2027

### चर्चा में क्यों?

- केन्द्र सरकार ने जनगणना – 2027 के प्रथम चरण के लिए अधिसूचना जारी की।

### मुख्य बिन्दु:

- **प्रथम चरण (मकान सूचीकरण):** यह अभियान अप्रैल से सितम्बर, 2026 के मध्य सभी राज्यों व संघ राज्य क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा।
- **द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना):** मुख्य गणना फरवरी, 2027 के लिए निर्धारित है।
- **नोट:** लद्दाख व जम्मू कश्मीर के हिमपात वाले क्षेत्र तथा हिमाचल प्रदेश व उत्तराखण्ड के दुर्गम क्षेत्रों में जनसंख्या गणना सितम्बर, 2026 में ही पूरी कर ली जाएगी।
- **जातिगत गणना:** स्वतंत्र भारत में पहली बार राष्ट्रव्यापी जातिगत गणना की जाएगी। अंतिम बार ऐसी गणना वर्ष 1931 में हुई थी।
- **संचालन:** गृह मंत्रालय के अधीन रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त के कार्यालय द्वारा आयोजित।
- **कानूनी प्रावधान:** जनगणना अधिनियम-1948 तथा जनगणना नियमावली-1900 के तहत् जनगणना आयोजित।
- **अन्य तथ्य:** 2027 की जनगणना देश की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी।
- भारत में प्रथम समकालिक जनगणना 1881 में WC प्लोडेन के नेतृत्व में आयोजित की गई थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खान सुरक्षा महानिदेशालय

### चर्चा में क्यों?

- खान सुरक्षा महानिदेशालय ने अपना 125वाँ स्थापना दिवस मनाया।




### मुख्य बिन्दु:

**DGMS – अतिरिक्त जानकारी-**

- **स्थापना:** वर्ष 1902 में खान निरीक्षण ब्यूरो के रूप में तथा वर्ष 1967 में इसका नाम बदलकर खान सुरक्षा महानिदेशालय कर दिया गया।
- **मंत्रालय:** केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय।
- **मुख्यालय:** धनबाद, झारखण्ड।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## 66 अंतरराष्ट्रीय संगठन: संयुक्त राज्य अमेरिका

### चर्चा में क्यों?

- अमेरिका के राष्ट्रपति के एक ज्ञापन में संयुक्त राज्य अमेरिका को 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से बाहर निकलने का निर्देश दिया है।






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### मुख्य बिन्दु:

- यह आदेश 35 गैर-संयुक्त राष्ट्र संगठनों तथा 31 संयुक्त राष्ट्र संस्थानों में भागीदारी और वित्त पोषण बंद करने का निर्देश देता है।

**महत्त्वपूर्ण संगठन जिनसे अमेरिका हटा:**

- **संयुक्त राष्ट्र के संगठन:** अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा मंच, अंतरराष्ट्रीय सौर गठबन्धन, अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ – IUCN आदि।
- इससे पहले भी अमेरिका पेरिस जलवायु समझौता, विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद् – (UNHRC) से हट चुका है।
- **कारण:** अमेरिका के अनुसार, ये संस्थाएँ अमेरिकी राष्ट्रीय हितों, सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि, संम्प्रभुता के विरूद्ध कार्य करती है।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ब्रिक्स – BRICS0

## चर्चा में क्यों?


- भारत ने ब्रिक्स की अध्यक्षता ग्रहण की तथा भारत 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन-2026 की मेजबानी करेगा।




## मुख्य बिन्दु:

- **भारत की अध्यक्षता चार मुख्य स्तंभों पर आधारित है:** समुत्थानशीलता, नवाचार, सहयोग और पर्यावरणीय स्थिरता।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR




### ब्रिक्स – अतिरिक्त जानकारी:

- **उत्पत्ति विचार:** वर्ष 2001, ब्रिटिश अर्थशास्त्री जिम ओ' नील।
- **स्थापना:** वर्ष 2006, BRIC के रूप में।
- **पहला शिखर सम्मेलन:-** वर्ष 2009, रूस।
- **BRIC to BRICS :-** वर्ष 2010 में दक्षिणी अफ्रीका शामिल।
- **उद्देश्य:-** वैश्विक शासन में सुधार करना और पश्चिमी प्रभुत्व वाली संस्थाओं का विकल्प प्रदान करना।

### वैश्विक प्रभावर:

- वैश्विक जनसंख्या का 49.5 प्रतिशत प्रतिनिधित्व।
- वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 40 प्रतिशत प्रतिनिधित्व।
- वैश्विक व्यापार का 26 प्रतिशत प्रतिनिधित्व।
- **प्रारंभिक सदस्य:** ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिणी अफ्रीका।
- **नए सदस्य (BRICS+):** मिश्र, इथियोपिया, ईरान, इंडोनेशिया, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## बायो-बिटुमेन

### चर्चा में क्यों?

- भारत सड़क निर्माण हेतु बायो-बिटुमेन का व्यावसायिक रूप से उत्पादन करने वाला विश्व का पहला देश बन गया है।




### मुख्य बिन्दु:

- बायो-बिटुमेन-अतिरिक्त जानकारी-
- यह बिटुमेन का एक वैकल्पिक रूप है, जिसे जैविक तत्त्वों से तैयार किया जाता है। उदाहरण- कृषि अपशिष्ट, लिग्निन, बायोचार, बायो ऑयल आदि।
- **बिटुमेन:** यह कच्चे तेल के आसवन से उत्पन्न होने वाला एक काला पदार्थ है। यह अपने चिपकने वाले गुणों के लिए जाना जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**अनुप्रयोग:**

1. **सड़कों को पक्का करने में।**
2. **जलरोधक कार्यों में आदि।**

**लाभ:**

- **कच्चे तेल के आयात में कमी।**
- **पराली जलाने की समस्या का समाधान।**
- **जैव अर्थव्यवस्था को बढ़ाना।**
- **इसका उपयोग बिटुमेन के पूरक के रूप में किया जा सकता है अथवा बाइंडर मिश्रण में बिटुमेन की मात्रा कम करने के लिए किया जा सकता है।**

UTKARSH CIVIL SERVICES




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## माधव गाडगिल

### चर्चा में क्यों?

- पश्चिमी घाट के संरक्षण पर अपने कार्यों के लिए जाने माने पर्यावरणविद् माधव गाडगिल का निधन हो गया है।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

### प्रमुख योगदान:

- **गाडगिल आयोग:** वर्ष 2010 में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने माधव गाडगिल को पश्चिमी घाट पारिस्थितिक विशेषज्ञ पैनल की अध्यक्षता करने के लिए नियुक्त किया।
- उन्होनें वर्ष 1986 में नीलगिरी को भारत का पहला जैव मण्डल अभयारण्य घोषित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- उन्होंने प्रधानमंत्री की वैज्ञानिक सलाहकार परिषद् और राष्ट्रीय बाघ प्राधिकरण में अपनी सेवाएँ दी।
- **सम्मान:** माधव गाडगिल को पद्मश्री – 1992, पद्म भूषण – 2006, पर्यावरण उपलब्धि के लिए टायलर पुरस्कार-2024 जैसे सम्मान प्राप्त हुए।
- **आत्म कथा:** A Walk Up The Hill: Living with People and Nature.

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **ICGS समुद्र प्रताप**<br><br>■ स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित भारत के पहले प्रदूषण नियंत्रण पोत, ICGS समुद्र प्रताप को गोवा में समुद्री बेड़े में शामिल किया गया।<br>**ICGS समुद्र प्रताप: मुख्य विशेषता-**<br>■ **निर्माण:** गोवा शिपयार्ड लिमिटेड - GSL<br>■ इसमें 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है।<br>■ इसकी लम्बाई 114.5 मीटर और जल-विस्थापन क्षमता 4170 टन है। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR